Ultrasound (Hindi) - अल्ट्रासाउंड

Adult (18 years and over) | Patient information

इस फॉर्म की एक नक़ल रोगी / वैकल्पिक निर्णय-निर्माता को ध्यान से पढ़ने के लिए दें और प्रक्रिया के बारे में कोई भी प्रश्न पूछने का समय दें। रोगी सूचना पत्र को रोगी के मेडिकल रिकॉर्ड में शामिल किया जाना चाहिए।

1. अल्ट्रासाउंड क्या है और यह मेरी / रोगी को कैसे मदद करेगा?

अल्ट्रासाउंड स्कैन, आंतरिक अंगों का आकलन करते हैं और विभिन्न स्थितियों का निदान करने में मदद करते हैं। वे धमनियों या नसों में बीमारी का आकलन करने के लिए भी किए जाते हैं।

एक अल्ट्रासाउंड मशीन एक कंसोल से बना है जिसमें कंप्यूटर, एक डिस्प्ले स्क्रीन और एक ट्रांसड्यूसर है। ट्रांसड्यूसर एक छोटा सा हाथ से पकड़े जाने वाला उपकरण है जो माइक्रोफ़ोन जैसा दिखता है।

अल्ट्रासाउंड चित्रों को अल्ट्रासोनिक (उच्च आवृत्ति) ध्वनि तरंगों को स्कैन किए जाने वाले हिस्से में से गुज़ार कर बनाया जाता है।

अल्ट्रासाउंड में एक्स-रे का उपयोग नहीं किया जाता है।



Image 1: Ultrasound.
Illustration Copyright © 2019 Nucleus Medical Media, All rights reserved. www.nucleusmedicalmedia.com

प्रक्रिया की तैयारी

स्कैन किए जा रहे शरीर के हिस्से के आधार पर विभिन्न तैयारी की आवश्यकता होती है। चिकित्सा इमेजिंग विभाग आपको अपने स्कैन की तैयारी करने के बारे में निर्देश देगा।

यदि आपका अंतरंग परीक्षण हो रहा है तो प्रक्रिया के दौरान एक दूसरा कर्मचारी वहाँ उपस्थित हो सकता है।

अल्ट्रासाउंड एक दर्द रहित प्रक्रिया है। किसी बेहोशी की दवा की आवश्यकता नहीं है।

प्रक्रिया के दौरान

कमरे में रोशनी कम कर दी जाएगी ताकि चित्रों को अधिक स्पष्ट रूप से देखा जा सके।

स्कैन किए जाने वाले हिस्से की त्वचा पर एक जैल लगाया जाएगा। जेल से त्वचा पर सलाई आसानी से फिसल पाती है और इससे स्पष्ट चित्रों मिलने में सहायता होती है।जब तक कि पूरी तरह से जांच नहीं हो जाती, ट्रांसड्यूसर को उस हिस्से पर आगे पीछे घुमाया जाता है।

यदि दर्द वाली जगह का स्कैन किया जा रहा हो तो आपको कुछ दबाव या थोड़ी सी बेआरामी महसूस हो सकती है।

स्कैन के दौरान आपको अपनी सांस को रोक कर रखने के लिए या अलग-अलग तरह से रोल होने के लिए कहा जा सकता है।

स्कैन पूरा हो जाने के बाद, जेल को आपकी त्वचा से पोंछ दिया जाएगा।

अल्ट्रासाउंड 15 से 60 मिनट का समय लग सकता है। यह समय सीमा इस बात पर निर्भर करती है कि शरीर के किस हिस्से का स्कैन किया जा रहा है और किस प्रकार की जांच की आवश्यकता है।

2. जोखिम क्या हैं?

अल्ट्रासाउंड के कोई ज्ञात जोखिम नहीं हैं। इस प्रक्रिया को बहुत ही सुरक्षित माना जाता है।

अल्ट्रासाउंड नहीं करवाने के जोखिम क्या हैं?

यदि आप प्रस्तावित प्रक्रिया / उपचार / जांच / परीक्षण नहीं करवाना चाहते हैं तो इसके परिणाम हो सकते हैं। कृपया चिकित्सक/क्लिनिशन से बारे में बात करें।

3. क्या कोई विकल्प हैं?

एक प्रक्रिया करवाने का निर्णय लेने के लिए रोगी / विकल्प निर्णयकर्ता को उपलब्ध विकल्पों को समझने की आवश्यकता होती है। कृपया अपने चिकित्सक / क्लिनिशन के साथ किसी भी वैकल्पिक उपचार विकल्पों के बारे में विचार विमर्श करें।

4. प्रक्रिया के बाद क्या होगा?

आपकी स्वास्थ्य सेवा टीम आपसे इस बारे में बात करेगी कि आपकी प्रक्रिया के बाद औरअस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद क्या करना है।

5. प्रक्रिया कौन करेगा?

किसी परामर्शदाता / विशेषज्ञ के अलावा कोई चिकित्सक / क्लिनिशन चिकित्सकीय उपयुक्त प्रक्रिया / उपचार / जांच / परीक्षण में सहायता / संचालन कर सकता है।

इसमें प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले चिकित्सक/क्लिनिशन शामिल हो सकते हैं हालाँकि सम्बंधित पेशेवर दिशानिर्देशों के अनुसार वे निगरानी अधीन होते हैं।

यदि आपको इस बारे में कोई चिंता है कि कौन सा चिकित्सक / क्लिनिशन प्रक्रिया कर रहा है, तो कृपया डॉक्टर / क्लिनिशन से इस बारे में बात करें।

6. मुझे सहायता या अधिक जानकारी कहाँ से मिल सकती है?

अस्पताल की देखभाल: प्रक्रिया से पहले, दौरान और बाद में, के बारे में जानकारी क्वींसलैंड हेल्थ वेबसाइट www.qld.gov.au/health/services/hospital-care/before-after से मिल सकती है जहाँ आप अपने स्वास्थ्य संबंधी अधिकारों के बारे में पढ़ सकते हैं।

कर्मचारी मरीजों की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक आवश्यकताओं में सहायता के लिए उपलब्ध हैं। यदि आप सांस्कृतिक या आध्यात्मिक सहायता चाहते हैं, तो कृपया अपने चिकित्सक/क्लिनिशन से इस बारे में बात करें।

क्वींसलैंड हेल्थ ने माना है कि एबोरिजिनल और टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर मरीज़ सबसे अच्छी नैदानिक देखभाल तब महसूस करेंगे जब उनकी संस्कृति को साझा निर्णय लेने के लिए शामिल किया जाता

7. प्रश्न

यदि आप इस रोगी सूचना पत्र के किसी पहलू को नहीं समझे या अगर आपके अपने / रोगी की स्वास्थ्य स्थिति सम्बन्धी, इलाज के विकल्प और प्रस्तावित प्रक्रिया / उपचार / जांच / परीक्षा के बारे में कोई प्रश्न हैं तो कृपया आप डॉक्टर / क्लिनिशन से पूछें।

8. हमसे संपर्क करें

आपातकालीन स्थिति में ट्रिपल जीरो (000) पर कॉल करें।

यदि यह आपातकालीन स्थिति नहीं है, लेकिन आपको चिंता है, तो 13 HEALTH (13 43 25 84), दिन के 24 घंटे, सप्ताह में 7 दिन संपर्क करें।

© The State of Queensland (Queensland Health) 2021. Except as permitted under the *Copyright Act 1968*, no part of this work may be reproduced communicated or adapted without permission from Queensland Health. To request permission email: ip_officer@health.qld.gov.au